UP Board Solutions for Class 7 Hindi Chapter 27 गरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर (महान व्यक्तित्व)

अभ्यास-प्रश्न

प्रश्न 1:
रवीन्द्र नाथ टैगोर के बचपन की रुचि के विषय में लिखिए।
उत्तर:
बचपन में टैगोर की रुचि कुश्ती, व्यायाम, चित्रकारी, संगीत, विज्ञान, कविता, रचना और प्रकृति प्रेम आदि में थी।

प्रश्न 2:
रवीन्द्र को मन विद्यालय में क्यों नहीं लगता था?
उत्तर:
रवीन्द्र का मुन स्कूल की चारदीवारी में घुटता था। उन्हें स्वच्छन्द वातावरण पसन्द था।

प्रश्न 3:
रवीन्द्र ने गरीबों की सहायता हेतु क्या निश्चय किया?
उत्तर:
रवीन्द्र ने गरीबों की सहायता हेतु निश्चय किया कि ग्रामीणों की समस्याएँ समझी जाएँ और विकास के कार्य किए जाएँ। उन्होंने गरीब और अन्धविश्वासी गरीब लोगों के लिए स्कूल खोलने को निश्चय किया।

प्रश्न 4:
शान्ति निकेतन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्या था?
उत्तर:
शान्ति निकेतन की स्थापना का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बनाना था।

प्रश्न 5:
मातृभाषा के विषय में रवीन्द्रनाथ के क्या विचार थे?
उत्तर:
रवीन्द्र मातृभाषा के प्रबल पक्षधर थे। जिस प्रकार माँ के दूध से बच्चा स्वस्थ रहता है, वैसे ही मातृभाषा पढ़ने से मन और मस्तिष्क सशक्त बनता है।

प्रश्न 6:
रवीन्द्रनाथ को नोबेल पुरस्कार किस कृति के लिए मिला?
उत्तर:
रवीन्द्रनाथ को 'गीतांजलि' के लिए नोबेल पुरस्कार मिला।

प्रश्न 7:
महात्मा गांधी ने रवीन्द्रनाथ को किस उपाधि से सम्मानित किया?
उत्तर:
महात्मा गांधी ने रवीन्द्रनाथ को 'गुरुदेव' की उपाधि से सम्मानित किया।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 8:
सही विकल्प चुनिए (विकल्प चुनकर)

मृणालिनी ने शान्ति निकेतन की स्थापना का
(क) विरोध किया
(ख) स्वागत किया
(ग) कोई विचार व्यक्त नहीं किया

रवीन्द्र नाथ ने 'सर' की उपाधि त्याग दी
(क) क्योंकि यह उनके योग्य न थी।
(ख) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के विरोध में।
(ग) पिता की मृत्यु से दुखी होकर।

प्रश्न 9:
घटनाओं से सम्बन्धित सही तिथि पर (✓) का चिह्न लगाइए (सही चिह्न लगाकर)

(क) रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म हुआ
(1) 1860
(2) 1841
(3) 1861
(4) 1864

(ख) रवीन्द्रनाथ टैगोर को नोबेल पुरस्कार मिला
(1) 1913
(2) 1914
(3) 1916
(4) 1929 4

https://www.evidyarthi.in/